होता है और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सदस्य हैं, रुपए और उन देशों की मुद्राओं के बीच विनिमय दर का हिसाब "इन्टर-वेन्शन" मुद्राओं के संदर्भ में आंकी गई "क्रास" दरों के आधार पर लगाया जा सकता है, लेकिन इन देशों के साथ भारत के व्यापार का इन विनिमय दरों से कोई संबंध नही है क्योंकि इनके साथ व्यापार प्राय रुपयोंमें ही होता है।

(ख) चूंकि सोवियत समाजवादी जनतंत्र संघ अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का सदस्य नहीं है, इसलिए दोनों देशों की मुद्राओं में निहित सोने की घोषित मात्रा के अतिरिक्त रूबल और भारतीय रुपए के बीच कोई प्रत्यक्ष सम्बन्ध नही है। भारत और सोवियत समाजवादी जनतंत्र संघ के बीच सभी वाणिज्यिक और गैर वाणिज्यिक लेन-देने भारतीय रुपयों में होते हैं। लेकिन सोवियत संघ द्वारा दिये जाने वाले ऋणों के अन्तर्गत संविदाओं की राशि रूबल में दी जाती है। सम्बद्ध ऋण करारों में दोनों देशों की मुद्राओं में निहित सोने की मात्रा को हिसाब में ले लिया जाता है।

विदेशों में भेजे गए भारतीय प्रतिनिधि मण्डल

1825. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या वाणिज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष के दौरान आयात और निर्यात समझौतों के संबंध में भारतीय प्रतिनिधि मण्डलों ने किन-किन देशों का दौरा किया और प्रत्येक प्रतिनिधि मण्डल में कितने व्यक्ति थे, और

(ख) उक्त प्रत्येक देश से किस प्रकार के व्यापार समझौते किये गये ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह) : (क) और (ख). जानकारी देने वाला एक विवरण संलग्न है।

विवरण

क्रमांक	प्रतिनिधिमंडल ने जिन देशों के दौरे किए उनके नाम	प्रतिनिधि-मंडल में व्यक्तियों की संख्या	किए गए करार का स्वरूप
1	अफगानिस्तान . .	5	भारत तथा अफगानिस्तान के बीच एक नए व्यापार तथा भुगतान करार पर विचार-विमर्श किया गया।
2	जर्मन लोकतंत्रिक गणराज्य	2	1976 के लिए जर्मन लोकतंत्रीय गणराज्य के साथ व्यापार संलेख पर हस्ताक्षर किए गए थे।
3	हंगरी .	3	1975 के लिए हंगरी के साथ व्यापार संलेख पर हस्ताक्षर किए गए।
4	जोर्डन . .	6	एक नए भारत-जोर्डन व्यापार करार के प्रारूप को अन्तिम रूप दिया गया।

1		2	3
5	नेपाल . .	9	भारत-नेपाल व्यापार तथा परिवहन संधि, 1971 के कार्यचालन का पुनर्विलोकन किया गया ।
6	उत्तरी कोरिया	1	1975 के लिए कोरिया का लोकतंत्रीय जनवादी गणराज्य के साथ व्यापार संलेख पर हस्ताक्षर किए गए ।
7	पोलैंड	3	1975 के लिए पोलैंड के साथ व्यापार संलेख पर हस्ताक्षर किए गए ।
8	सूडान	6	नवम्बर, 1975 से दिसम्बर, 1976 की अवधि के लिए भारत-सूडान व्यापार प्रबंध पर हस्ताक्षर किए गए ।
9	ट्यूनीसिया . .	3	एक नए भारत-ट्यूनीसिया व्यापार प्रबंध के प्रारूप को अन्तिम रूप दिया गया ।
10	स० रा० अमरीका .	3	स० रा० अमरीका को हथकरघा परिधानों के निर्यात तथा उससे संबंधित मामलों के विषय में एक करार हुआ ।
11	सोवियत संघ	2	1976-80 के लिए दीर्घावधि व्यापार योजना की तैयारी पर विचार-विमर्श किया गया ।
12	सोवियत संघ .	1	सोवियत संघ से आयात किए जाने वाले उर्वरकों की कीमतें पुनः तय हुई ।
13	सोवियत संघ . .	5	1976-80 के लिए भारत-सोवियत संघ दीर्घावधि व्यापार योजना तैयार करने के विषय में विचार-विमर्श हुआ ।
14	युगोस्लाविया .	9	भारत-युगोस्लाविया संयुक्त समिति अन्य देशों में सहयोग संबंधी उप-समिति की बैठक हुई । अन्य देशों में भारत-युगोस्लावियाई संयुक्त उद्यमों की संभाव्यताओं का पता लगाया गया ।